उत्तरः المتنطعون का अर्थ है मोकल्लफ, जिम्मेदार जो हद से गुजर जाए अपनि बात मे, अपने कार्य मे। والتنطع किसि भि चीज मे डूब जाना, गहराई तक जाना।
तीन मर्तबा कहने का फाइदा यह है कि लोग इस कि अहमियतको अच्छे से समझ लेँ फिर इसमे ना पडेँ।

हदीस का विषयके यह सम्बन्ध हैः

والتنطع यह गुलू है और नेक लोगोँ के बारे मे गुलू करते करते लोग शिर्क तक पहोँ जाते हैँ जो कि तौहीद के विपरित है।

प्रश्नः इस विषय क्या क्या सबक मिला ?

उत्तरः गुलू से बचना जरूरी है। खास तौर से नेक लोगोँ के बारे मे क्योँ कि यह कुफ्र और शिर्क तक पहोँचा देता है।

तस्वीरो को बनाने और उसको मज्लिसोँ मे लगाने से मना किया गया क्योँ कि यह शिर्क का सबब बन जाता है।

कब्रपर हमेशा जाने से मना किया गया है क्योँ कि इस से शिर्क का रास्ता हम्वार होता है।

मोबालगा, बढाव चढाव करना, यह सब शिर्क के रास्ते हमवार करते हैँ।

संसार मे शिर्क कि शुरूवात हि नेक लोगोँ के बारे मे बढा चढाकर बात करने से हुई।

विषय: अल्लाहू तआलाका फरमान (إِنَّكَ لَا تَهْدِي مَنْ أَحْبَبْتَ)

प्रश्नः इस आयत कि व्याख्या किजिए और इस के अवतरण का सबब बताईए ?
उत्तरः अल्लाह तआला ने अपने नबि मोहम्मद स. से कहा कि किसीको राहे रास्तपर लाना आपके वश मे नहि है। आपतो केवल सन्देश पहोँचाने वाले हैँ हेदायत देना अल्लाह का काम है और अल्लाह तआला हि को बेहतर मालूम है कि हेदायतका असल मुस्तहिक कौन है।

इस आयत के नाजिल होने सबब यह है कि नबि स. लोगोँ के लिए बहोत फिक्रमन्द रहते थे कि वह राहे रास्त पर आजाएँ जिसके लिए वह जि तोड कोशिस करते थे तबि यह आयत नाजिल हुई।

प्रश्नः लेखक महोदय इस विषयसे क्या बताना चाहते हैँ ?
उत्तरः इस विषय से उन लोगोँ के आस्था का रद्द करना चाहते हैं कि जो यह समझते हैँ कि नफा व नुक्सान नबि, वलि भि हैँ और नबि व वलि भि लोगोँ कि जरूरतोँ को पूरी कर सकते हैँ।

प्रश्नः हेदायत के कितने प्रकार हैँ उदाहरण सहित बयान करेँ और यह भि बताएँ कि नकारात्मक हेदायत क्या है ?
उत्तरः हेदायत कि दो किस्म हैः
पहलाः हेदायते तौफीक यानि मार्गदर्शन का वर्दान जो अल्लाह तआला दिल मे डाल देता है और इस पर अल्लाह के सिवा कोइ भि सामर्थ नहि। जैसा कि अल्लाह तआला ने कुरआन मे कहाः إِنَّكَ لَا تَهْدِي مَنْ أَحْبَبْتَ यानि आप किसिको यह वरदान नहि दे सकते कि वह सिधि राहपर आ जाए यह तो केवल अल्लाह हि कर सकता है।
दुसराः हेदायते दलालत यानि सिधा सच्चा मार्ग के बारे मे बताना। जैसा कि अल्लाह तआला ने कुरआन मजीद मे फरमायाः وَإِنَّكَ لَتَهْدِي إِلَى صِرَاطٍ مُسْتَقِيمٍ। वह मार्ग जिस पर लोग चलकर सफलता हासिल कर सकते हैँ। अल्लाह तआला के इन आदेशोँ को कोई भि आदमी दुसरोँ तक पहोँचा सकता है।

في الصحيح عن ابن المسيب عن أبيه قال: «لما حضرت أبا طالب الوفاة جاءه رسول الله ﷺ وعنده عبد الله بن أبي أمية وأبو جهل فقال له يا عم قل لا إله إلا الله كلمة أحاج بها لك عند الله. فقالا له أترغب عن ملة عبد المطلب، فأعاد عليه النبي ﷺ فأعادا، فكان آخر ما قال هو على ملة عبد المطلب وأبى أن يقول لا إله إلا الله فقال النبي ﷺ لأستغفرن لك ما لم أنه عنك فأنزل الله عز وجل ﴿مَا كَانَ لِلنَّبِيِّ وَالَّذِينَ آمَنُوا أَنْ يَسْتَغْفِرُوا لِلْمُشْرِكِينَ﴾[15]،

وأنزل الله في أبي طالب ﴿إِنَّكَ لَا تَهْدِي مَنْ أَحْبَبْتَ وَلَكِنَّ اللَّهَ يَهْدِي مَنْ يَشَاءُ﴾. متفق عليه.

अनुवादः अब्दुल्लाह बिन मुसैय्यीब अपने वालिद से रिवायत करते हुवे कहते हैँ किः जस अबु तालिब के वफातका समय आया तो नबि स. उनके पास आए वहाँ पर अब्दुल्लाह बिन अबु उमैय्या और अबु जेहल पहले हि से मौजूद थे। नबि स. ने अपने चचा से कहा किः ए मेरे चचा ला इलाह इल्लल्लाह पढ लिजिए इस कलमा के जरीए मै अल्लाह तआला से आपके बारे मे हुज्जत व शेफारिस करूँगा। तो (वहाँ मौजूद अबु जेहल व दुसरे लोगोँ ने कहा) कि अबु तालिब क्या तुम अपने बाप दादा के रास्ते से फिर जाओगे ? लेकिन फिर भि नबि स. लगातार अपने चचा से मोतालबा करते रहे कि आप कलमा पढ लिजिए लेकिन आखिर अबु तालिब ने यह कह दिया कि मै अपने बाप दादा के दीन पर हि बाकि रहुँगा और उन्होने ला इलाह इल्लल्लाह पढने से इन्कार कर दिया। तो नबि स. ने कहा कि मै अल्लाह तआला से आपके लिए जरूर बख्शिस तलब करूँगा। तो यह आयत नाजिल हुईः مَا كَانَ لِلنَّبِيِّ وَالَّذِينَ آمَنُوا أَنْ يَسْتَغْفِرُوا لِلْمُشْرِكِينَ। (सुरह तौबा आयत 113) तरह से अबु तालिब बारे मे अल्लाह तआला यह आयत नाजिल किया। (सहिह बोखारी)

([15]) سورة التوبة آية (113).

प्रश्नः अबु तालिब कि मौत करीब आ गई का क्या मतलब ?
उत्तरः यानि कि मौत कि निशानियाँ दिखने लगि।

प्रश्नः नबि स. उनके मृत्यु के समय ला इलाह इल्लल्लाह पढ्ने मर क्यो जोर दे रहे थे ?
उत्तरः क्योँ कि अबु तालिब को मालूम था कि इसके जरीए से तौहीद का एक्रार किया जाता है और सिर्फ एक अल्लाह के लिए इबादतको खास किया जाता है जो कि शिर्क के विपरित है।

प्रश्नः मै अल्लाह के पास इसके जरीए आपके लिए हुज्जत करूँगा का क्या मतलब ?
उत्तरः अर्थात मै अल्लाह तआला के पास आपकि तरफ से इस बात कि गवाहि दुँगा कि आपने कलमए तौहीद पढा था और अल्लाह के वहदानियत को स्वीकार किया था।

प्रश्नः अब्दुल मुत्तलिब कि मिल्लत क्या है ?
उत्तरः अल्लाह के साथ शिर्क। यानि मुश्रिको का रास्ता।

प्रश्नः مَا كَانَ لِلنَّبِيِّ وَالَّذِينَ آمَنُوا أَنْ يَسْتَغْفِرُوا لِلْمُشْرِكِينَ का क्या मतलब है और इसके नुजूल का सबब क्या है ?
उत्तरः नबि और इमान वालोँ के लिए यह जाएज नहि है कि वह लोग मुश्रिकीन के लिए बख्शिस कि दुवा करेँ। और नबि स. ने जब चचा अबु तालिब कि बख्शिस के लिए दुवा करने का इरादा किया और कुछ सहाबा ने अपने माता पिता के माफि के लिए दुवा करने का इरादा किया तो यह आयत नाजिल हुई।

प्रश्नः अबु तालिब को हेदायत ना मिलने के पिछे क्या हिक्मत है ?
उत्तरः उसके पिछे यह हिक्मत है कि सिर्फ और सिर्फ अल्लाह तआला हि हेदायत दे सकता है उसके सिवा कोई भि हेदायत नहि दे सकता है। अगर नबि स. इसपर सामर्थ होते तो अबु तालिबको सब से पहले हेदायत दे देते क्योँ कि उन्होँ ने हमेशा नबि स. कि मदद कि उनका समर्थन किया और हर मुसिबत मे उनका साथ दिया।

प्रश्नः इब्ने मोसैय्यिब वालि हदीस से बातें समझ आइ बयान किजिए ?
उत्तरः उसके निम्न बातेँ समझ आइः
मुश्रिक कि बिमारपुर्सि करना जाएज है यदि वह इस्लाम के लिए दर्द रखता है।
गलत संगत इन्सानोँको नोक्सान पहोँचाति हैँ।
पुर्वजोँ का अनुशरण भि कभि कभार बहोत नोक्सानदह होता है।
कर्म का आधार अच्चछे खात्मे (समाप्ति) पर है।
शिर्क करने वालोँ के लिए बख्शिस कि दुवा करना हराम है और उनसे कुरबत व मोहब्बत बढाना भि मना है।

विषयः इस उम्त के कुछ लोग अवसान (अल्लाह के सिवा हर वह चीज जिस कि इबादत कि जाए) कि इबादत करेँगे

प्रश्नः लेखक महोदय इस विषयसे क्या सन्देश देना चाहते हैँ ?
उत्तरः शिर्क से सावधान और उसके भय दिलाने के लिए। इस उम्मत मे कुछ लोग समझते हैँ कि जिसने ला इलाह इल्लल्लाह पढ लिया तो वह हमेशा इस्लाम पर बाकि रहेगा अगर चे वह इस्लाम के आदेशोँ के विपरित कार्य करे जैसे कि मुर्दोँ से मदद तलब करना या उनसे दुवाएँ माँगना।

प्रश्नः वसन या अवसान का क्या माना है ?
उत्तरः वसन एक वचन है जिसका बहुवचन है अवसान। हर वह चीज जिस कि अल्लाह के सिवा पूजा होति हो वह वसन है। चाहे वह पेड पौधा हो या मिट्टि पत्थर, या फिर कब्र इत्यदि सब वसन है।

अल्लाह तआला ने कुरआन मे फरमायाः أَلَمْ تَرَ إِلَى الَّذِينَ أُوتُوا نَصِيبًا مِنَ الْكِتَابِ يُؤْمِنُونَ بِالْجِبْتِ وَالطَّاغُوتِ

अनुवादः क्या तुमने उन लोगों को नहीं देखा, जिन्हें किताब का एक हिस्सा दिया गया? वे अवास्तविक चीज़ों और ताग़ूत (बढ़े हुए सरकश) को मानते हैं। और अधर्मियों के विषय में कहते हैं, "ये ईमानवालों से बढ़कर मार्ग पर हैं।" सुरह नः4 आयतः51)

प्रश्नः इस आयत के अवतरण होने का सबब बयान करेँ और यह भि बताएँ कि इसमे किसको सम्बोधित किया गया है और जिब्त व तागूत क्या है ?
उत्तरः इस आयत के नाजिल होने का सबब जो है उसक जिक्र इक्रमा से रिवयत कर्दा हदीस मे है। वह कहते हैँ किः होययी बिअ अख्तब और काअब बिन अशरफ दो यहूदी मक्का वालोँ के पास आए तो मक्का वलोँ ने उन से कहा कि तुम लोग अहले केताब हो यानि तुम्हे आस्मानी केताबेँ दि गई है और तुम लोग इल्म वाले भि हो तो हमे हमारे और मोहम्मद स. के बारे मे बताओ ? तो उन दोनोँ ने कहा तुम (मक्का के मुश्रिकीन) लोग सहि रास्ते पर और उनसे (मोहम्मद स. व उनके साथियोँ से) बेहतर हो। तो यह आयत नाजिल हुइ।

जिब्तः यह शब्द मुर्ति, अदृश्यका ज्ञान होनेका दावा करने वाल और जादुगर वगैरह के लिए प्रयोग होता है। और तागूत कहते हैँ हर उस चीजको जिसकि अल्लाह के सिवा इबादत कि जाति है।

अल्लाह तआला ने कुरआन मे फरमायाः

قُلْ هَلْ أُنَبِّئُكُمْ بِشَرٍّ مِنْ ذَلِكَ مَثُوبَةً عِنْدَ اللَّهِ مَنْ لَعَنَهُ اللَّهُ وَغَضِبَ عَلَيْهِ وَجَعَلَ مِنْهُمُ الْقِرَدَةَ وَالْخَنَازِيرَ وَعَبَدَ الطَّاغُوت

अनुवादः कहो, "क्या मैं तुम्हें बताऊँ कि अल्लाह के यहाँ परिणाम की दृष्टि से इससे भी बुरी नीति क्या है? कौन गिरोह है जिसपर अल्लाह की फिटकार पड़ी और जिसपर अल्लाह का प्रकोप हुआ और जिसमें से उसने बन्दर और सूअर बनाए और जिसने बढ़े हुए फ़सादी (ताग़ूत) की बन्दगी कि (कुरआन 5 सुरह 60 आयत)

प्रश्नः इस आयत कि व्याख्या करेँ ?
उत्तरः अल्लाह तआला कहते हैँ कि ए मोहम्मद स. यन यहूदियोँ से कहिये कि क्या मै तुम लोगोँ को यह बताउँ कि कयामत के दिन अल्लाह के यहाँ सब से बुरा बदला किन लोगोँ के लिए है ? तुम लोग समझते हो कि हम हैँ जिनको सब से बुरा बदला मिलेगा हाँलाकि वास्तवमे तुम वह लोग हो जिनके लिए सब से बुरा बदला है। क्योँ कि तुम्हारे उपर लानत कि गई है अर्थात अल्लाह तआला कि रहमतोँ से तुम लोग दुत्कार दिए गए हो। औ। तुम्हारे लिए गजब व हलाकत है और तुम हि वह कौम हो जिनमे से बन्दर और सुवर बनाए गए जिन लोगोँ ने तागूत कि इबादत कि और शैतान कि पैरवि कि।

अल्लाह तआला ने कुरआन मजीद के अन्दर फरमायाः

قَالَ الَّذِينَ غَلَبُوا عَلَى أَمْرِهِمْ لَنَتَّخِذَنَّ عَلَيْهِمْ مَسْجِدًا

अनुवादः और जो लोग उनके मामले में प्रभावी रहे उन्होंने कहा, "हम तो उनपर अवश्य एक उपासना गृह बनाएँगे।" (सुरह कहफ आयत 21)
प्रश्नः इस आयत कि व्याख्या किजिए ?
उत्तरः कुछ लोगोँ ने अस्हाबे कहफ (गुफा वासियोँ) के बारे मे कहा कि हम इसपर एक मस्जिद का निर्माण करेँगे ताकि लोग इसे देखते आएँ और इस से आशिर्वाद प्राप्त कर सकेँ। इसि बातको अल्लाह तआला ने डाँटते हुवे यहाँ बयान किया है कि यह गलत है जैसा कि नबि स. ने हदीस मे कहाः لعنة الله على اليهود والنصارى اتخذوا قبور أنبيائهم مساجد अनुवादः यहुदियोँ और नसरानियोँ पर लानत हो जिन्होँ ने अपने नबियोँ के कब्रपर मस्जिद बना लिया। लेकित तुम इस से बचना एसा ना करना।

عن أبي سعيد رضي الله عنه أن رسول الله ﷺ قال: «لتتبعن سنن من كان قبلكم حذو القذة بالقذة حتى لو دخلوا جحر ضب لدخلتموه قالوا يا رسول الله اليهود والنصارى قال فمن» أخرجاه أي البخاري ومسلم

अनुवादः अबु सईद खुजरी रजियल्लाहु अन्हु कहते हैँ कि नबि स. ने कहाः तुम लोग जरूर अपने से पहले लोगोँ के नक्शे पर कदम बा कदम चलोगे यहाँ तक कि वह किसि गोह के बिल मे घुसे होँगे तो तुम भि उसमे जा घुसोगे। लोगोँ ने कहाः हे अल्लाह के रसूल क्या यहूदो नसारा के नक्शेकदम पर चलेँगे ? तो नबि स. ने जवाब दिया किः हाँ और नहि तो कौन !

प्रश्नः इस हदीस कि व्याख्या किजिए ?
उत्तरः नबि स. ने इस हदीस मे यह बताया कि यस उम्मत के भि कुछ लोग अपने से पहले गुजर चुके यहूदो नसार के नक्शे कदम पर जरूर चलेँगे और हर वह काम करेँगे जो उन्होने किया।

सहि मुस्लिम कि एक हदीस मे नबि स. ने फरमायाः

عن ثوبان رضي الله عنه أن رسول الله ﷺ قال: «إن الله زوى لي الأرض فرأيت مشارقها ومغاربها وإن أمتي ستبلغ ملكها ما زوى لي منها.
अनुवादः सौबान रजियल्लाहु अन्हु ने कहा कि रसूलुल्लाह स. ने फरमायः अल्लाह तआला ने मेरे लिए यह जमीन लपेट दिया जिस से मैने उसके मश्रिक और मगरिब कि सिम्त मे देखा। और जहाँ तक यह जमीन मेरे लपेटि गई अनकरीब मेरी उम्मत कि हुकुमत वहाँ तक पहोँचेगि। (सहि मुस्लिम 2889)

प्रश्नः إن الله زوى لي الأرض فرأيت مشارقها ومغاربها इसका का क्या अर्थ है ?
उत्तरः इसका अर्थ यह है कि मेरे लिए जमीनको जहाँ तक लपेटा गया वहाँ तक मुसलमानोँ कि हुकुमत होगि।

प्रश्नः क्या नबि स. ने जिस बात कि भविष्यवाणि कि थि वह सहि साबित हुवा ? उनकि उम्मत ने उन जमीनोँ पर शासन किया जिसको नबि स. के लिए लपेटा गया था ?
उत्तरः हाँ बिल्कुल ! उनकि उम्मत ने उस पर शासन किया यहाँ तकि कि उनका शासन स्पेन से लेकर चीन और हिन्द तक पहोँ गया।

प्रश्नः وأعطيت الكنزين الأحمر والأبيض का क्या अर्थ है ?
उत्तरः इसका अर्थ है पर्सिया के राजा का खजाना जिसमे ज्यादातर चाँदि के सफेद गहने थे इसि तरह से रोम के राजा का खाजाना मिला जो कि ज्यादा तर लाल माएल सोना होता था।

प्रश्नः السنة: بفتح السين से क्या मुराद है ? जिस मे नबि स. ने दुवा किया कि या अल्लाह मेरी उम्मतको रिवायति सुन्नत से हलाक

ना करना ?

उत्तरः इस से मुराद वबा कि बिमारी, भुखमरी वगैरह है जिस से बहोत ज्यादा मौतें होति हा।

प्रश्नः وأن لا يسلط عليهم عدوًا من سواء أنفسهم فيستبيح بيضتهم से क्या मुराद है ?

उत्तरः इसका अर्थ यह है कि नबि स. ने अल्लाह तआला से दुवा किया कि या अल्लाह मेरी उम्मत के उपर काफिर दुश्मनको मोसल्लत मत करना जो उनको हलाको बर्बाद कर दें।

प्रश्नः क्या अल्लाह तआला ने उनके इस दुवा को कबूल किया ? और بيضتهم का क्या मतलब है ? और ولو اجتمع عليهم من بأقطارها क्या है ?

उत्तरः जि हाँ अल्लाह तआला ने कहा कि मुसलमानोँ पर दुश्मनको मोसल्लत नहि करेगा के वह मुसलमानोँ के खूनको बहाते फिरेँ यहि माना है बैजतुहुम का। और कहा गया है कि बैजतुहुम मतलब जमात चाहे छोटा हो या बडा कम हो या ज्यादा।

प्रश्नः حتى يهلك بعضهم بعضًا ويسبي بعضهم بعضًا इस वाक्य का क्या मतलब है ? क्या वकइ हुवा है ?

उत्तरः इसका माना यह है कि अल्लाह तआला मुसलमानोँपर दुश्मनको मोसल्लत नहि करेँगे लेकिन अगर वह लोग एख्तेलाफ करने लगे तो उनके उपर कुफ्फार मोसल्लत हो जाएँगे।

प्रश्नः إني إذا قضيت قضاء فإنه لا يرد इस वाक्य का क्या माना है ?

उत्तरः यानि जब मै किसि काम मा फैसला कर देता हुँ और वह नाफिज कर देता हुँ तो फिर वह रद्द नहि होता।

प्रश्नः गुमराह अइम्मा से क्या मुराद है जिन कि वजह से नबि स. अपनि उम्मत मे लिए डरते थे ?

उत्तरः इस से मुराद वह हाकिम, आलिम और आबिद लोग हैँ जो खुद तो जनहिल हैँ मगर फिर भि लोग उनकि पैरवि करेँगे तो वह खुद भि गुमराह होँगे और दुसरोँ को भि गुमराह कर देँगे।

प्रश्नः وإذا وقع عليهم السيف لم يرفع إلى يوم القيامة इस बात का क्या मतलब है ?

उत्तरः इसका माना यह है कि जब इस उम्मत मे तलवारेँ चलने लगेँगि तो फिर कयामत तक यह बन्द नहि हो सकता बल्कि हमेशा जारी रहेगा।

प्रश्नः ولا تقوم الساعة حتى يلحق حي من أمتي بالمشركين (कयामत उस वक्त तक काएम नहि होगा जब तक मेरी उम्मत के होयइ के लोग मुश्रिकीन मे ना मिल जाए) इसका क्या मतलब ?

उत्तरः होयइ एक कबीला का नाम है जैसा कि दुसरी हदीस मे इसका जिक्र है (यहाँ तक कि मेरी उम्मत के कुछ कबाएल मुश्रिकीन से मिल जाएँ)। इसका एक अर्थ यह भि है कि वह कबीला मुश्रिकीन से मिल जाएगा या मुर्तद हो जाएगा।

प्रश्नः खातमुन्नबिय्यीन का मतलब क्या है जिसमे नबि स. وأنا خاتم النبيين कहा।

उत्तरः यानि कि नबि स. अन्तिम नबि हैँ उनके बाद कोइ नबि नहि है।

प्रश्नः नबि स. के इस बात لا تزال طائفة من أمتي على الحق منصورة لا يضرهم من خذلهم حتى يأتي أمر الله تبارك وتعالى से क्या समझ आता है ? ताएफा (जमात) का क्या मतलब ?

उत्तरः इस मे बहोत बडि खुश खबरी है कि एक जमात हमेशा हकपर होगि जो कुरआनो सुन्नतपर काएम रहेगा यहाँ तक कि कयामत आ जाएगा।

विषयः जादु के बारे उस से बचने और उसपर वईद का बयान

प्रश्नः जादु किस तरह से शिर्क मे से है ?
उत्तरः जादु शिर्क मे से है इसकि दो शक्ल हैः
पहलाः जादू शैतान कि मदद से होता है इस लिए
दुसराः यह लोग अदृश्य के ज्ञानका दावा करते हैँ।

प्रश्नः जादु कि परिभाषा क्या है ?
उत्तरः जादु कहते हैँ किसिको लक्षित करना या टोटका या गाँठ लगाना या एसा कोई अमल करना जो दिलपर असर या जिस्म पर असर करे जिस कि वजह से इन्सान कि मौत हो जाति है या फिर दो लोगोँ मे जुदाई हो जाति है।

प्रश्नः जादुका करने का क्या हुक्म है और यह बताएँ कि जादुगर कि सजा क्या है ?
उत्तरः जादु करना कराना हराम है क्योँ कि यह अल्लाह के साथ कुफ्र है जोकि ईमान और तौहीद के विपरित कार्य है। अल्लाह तआला ने कुरआन मे फरमायाः

وَمَا يُعَلِّمَانِ مِنْ أَحَدٍ حَتَّى يَقُولَا إِنَّمَا نَحْنُ فِتْنَةٌ فَلَا تَكْفُرْ

अनुवादः और वे (दो चालाक व्यक्ति) किसी को भी सिखाते न थे जब तक कि कह न देते, "हम तो बस एक परीक्षा हैं; तो तुम कुफ़्र में न पड़ना। (कुरआन सुरह 2 आयत 102)
जादुगर कि सजा कत्ल है जिसका प्रमाण यह हदीस हैः

عن عمر بن الخطاب أنه كتب إلى عماله أن اقتلوا كل ساحر وساحرة. رواه البخاري في صحيحه

अनुवादः हजरत उमर बिन खत्ताब रजियल्लाहु अन्हु ने अपने तमाम गवर्नरोँ को चिट्ठि लिखकर यह आदेश दिया कि जितने भि जादुगर और जादुगरनियाँ हैँ सबको कत्ल कर दो। (बोखारी)

अल्लाह तआला ने कुरआन मजीद मे फरमायाः

وَلَقَدْ عَلِمُوا لَمَنِ اشْتَرَاهُ مَا لَهُ فِي الْآخِرَةِ مِنْ خَلَاقٍ

अनुवादः और उन्हें भली-भाँति मालूम है कि जो उसका ग्राहक बना, उसका आख़िरत में कोई हिस्सा नहीं। कितनी बुरी चीज़ के बदले उन्होंने अपने प्राणों का सौदा किया।

प्रश्नः इस आयत कि व्याख्या किजिए ?
उत्तरः وَلَقَدْ عَلِمُوا उन्होँ ने जान लिया यानि यहुद ने لَمَنِ اشْتَرَاهُ कि वह लोग जिस चीज मे लिप्त हैँ जिस (जादू) का व्यापर कर रहे हैँ उनके लिए مَا لَهُ فِي الْآخِرَةِ مِنْ خَلَاقٍ आखेरत मे कोई भि हिस्सा नहि है बल्कि उसके विपरित उनको सजा मिलेगा।
अल्लाह तआला ने कहा कि वह यहूद लोग जो नबि स. का अनुशरण छोडकर जादु टोना मे लगे हुवे हैँ वह यह जान लेँ कि उनके लिए आखेरत मे कोई हिस्सा नहि है। इस आयत से यह बात साबित होता है कि जादु हराम है और जादुगर पर वईद है।
अल्लाह तआला ने कुरआन मजीद मे फरमायाः

يُؤْمِنُونَ بِالْجِبْتِ وَالطَّاغُوتِ

अनुवादः क्या तुमने उन लोगों को नहीं देखा, जिन्हें किताब का एक हिस्सा दिया गया? वे अवास्तविक चीज़ों और ताग़ूत (बढ़े हुए सरकश) को मानते हैं।
प्रश्नः जिब्त और तागूत से क्या मुराद है ?
उत्तरः जिब्त का माना है जादु और तागूत का मतलब है हर वह चिज जिस कि अल्लाह के सिवा पूजा कि जाए।

जाबिर रजियल्लाहु अन्हु कहते हैः तागूत काहिन (जो सितारोँ के जिरिए गैब का दावा करते हैँ) को कहते हैँ उनके उपर शैतान वहि करता है।

प्रश्नः जाबिर रजियल्लाहु अन्हु के कौल का क्या मतलब है ? और होयई या हैइ का क्या मतलब है ?
उत्तरः उनके कहने का मतलब है कि कोहानत यानि आस्मानी ज्ञानका दावा करना यह तागूत है उनके उपर शैतान उतरता है और वहि शैतान उन काहिनोँ को तमाम बातेँ बताता है जिसके माध्यम से वह किसि चीजका दावा करते हैँ।
होयई या हैइ का अर्थ हैः पहले जमाने मे हर कबीला मे एक काहिन होता था जो कबीले के मसाएलका हल निकालता था।

عن أبي هريرة رضي الله عنه أن رسول الله ﷺ قال: «اجتنبوا السبع الموبقات قالوا يا رسول الله وما هن قال: الشرك بالله، والسحر، وقتل النفس التي حرم الله إلا بالحق، وأكل الربا، وأكل مال اليتيم، والتولي يوم الزحف، وقذف المحصنات الغافلات المؤمنات» متفق عليه.

अनुवादः अबु होरैरा रजियल्लाहु अन्हु कहते हैँ कि सात हलाक कर देने वालि चीजोँ से बचो। सहाबा ने पूछा वह सात चीजेँ क्या हैँ या रसूलल्लाह ? तो नबि स. ने बतायाः जादु, किसिको ना हक कत्ल करना, ब्याज, अनाथ का माल हडप कर जाना, जंग के मैदान से फरार होना, पाकबाज मोमिना महिलाओं पर गलत आरोप लगाना।

प्रश्नः اجتنبوا इसका क्या मतलब है ? और इसका नाम **الموبقات** यनि हलाको बर्बाद कर देने वाला क्योँ रखा गया ?
उत्तरः इज्तनिबू का मतलब है इब्तइदू यानि दूर रहो और मौबेकात का मतलब है मुहलिकात कानि हलाक कर देने वालि। क्योँ कि यह काम अपने करने वालेको हलाक व बर्बाद कर देति है दुनियाँ मे भि और आखिरत मे भि आजाब का भागिदार बना देति है।

प्रश्नः शिर्क का परिभाषा बताइये ? और इस हदीस मे सब से पहले शिर्क का तज्केरा क्योँ है ?
उत्तरः शिर्क दो प्रकार का होता हैः

पहलाः शिर्के अक्बर अर्थात बडा शिर्क जो यह है कि किसि भि किस्म कि इबादत अल्लाह के सिवा किसि और के लिए किया जाए जैसे कि दुवा, खौफ जबह नजर वगैरह।

दुसराः शिर्के अस्गर वह यह है कि हर वह रास्ता जो शिर्के अक्बर कि तरफ ले जाता हो चाहे वह किसि काम का एरादा हो चाहे कोई काम हो यम इस तरह के किसि काम का एरादा हो या कोइ बात हो जो इबादत के जुमरे मे आता हो और उसको रेयाअ यानि दिखावा करने के लिए किया जाए तो यह शिर्के अस्गर यानि छोटा शिर्क है।

और इस हदीस मे सब से पहले शिर्क का जिक्र इस लिए है क्योँ कि यह सब से बडा गुनाह है। इस हदीस मे जो बताना मकसद है वह है जादू।

प्रश्नः بقتل النفس التي حرم الله इस से क्या मूराद है ? और किसिको हक तरीके से कत्ल करने का क्या मतलब ?
उत्तरः بقتل النفس التي حرم الله से मुराद मासूम जान और मोआहिद व अमन पसन्द गैर मुस्लिम है जिस ने कोई गलति नहि कि है एसे लोगोँ को कत्ल करना अल्लाह ने हराम करार दिया है।
और हक तरीके से कत्ल करने का मतलब यह है कि उस व्यक्ति ने कोई एसा जुर्म किया हो जिस कि सजा कत्ल है तो उसको कत्ल किया जाएगा।
जैसे कि किसि को कत्ल किया हो तो केसास के तौर पर यानि बदले मे उसको कत्ल किया जाएगा या फिर मुर्तद हो गया हो या फिर शादि शुदा होकर जेना किया हो (कत्ल करने का अधिकार सिर्फ हुकुमत को है लोग खुद कोई फैसला ना करें)

प्रश्नः रेयाअ क्या है ? और أكله का क्या मतलब है ?
उत्तरः रेयाअ का मतलब है दिखावा। (यानि इबादत अल्लाह के लिए ना करके लोगोँ को दिखाने के लिए करे तो यह इबाद अल्लाह के सिवा लोगोँ को दिखाने के लिए हो जाएगा)

अल-अक्ल का माना है खा जाता है यानि सब मिटा देता है बर्बाद कर देता है।

प्रश्नः व्याज कि परिभाषा बताइये ?
उत्तरः व्याज मुल धन से ज्यादा वसूलिको व्याज कहते हैँ।

प्रश्नः أكل مال اليتيم इस से क्या मूराद है ?
उत्तरः इस अर्थ है कि अनाथ के माल मे से उज्रत के नाम पर हद से ज्यादा ले। अनाथ कहते हैँ जिसके पिता कि मृत्यु उस बच्चे के बालिग होने से पहले हि हो गइ हो।

प्रश्नः التولي يوم الزحف इसका अर्थ क्या है ? और यह कबीरा गुनाह कब माना जाएगा ?
उत्तरः इसका माना यह है कि जंग के मैदान से डरकर कुफ्फार को पीठ दिखाकर भाग जाना। और यह कबीरा गुनाह उस वक्त होता है जबि वह फरार होने वाला अपने किसि दूसरे सिपाहि गिरोह से मिलने के बजाए सिधे भाग जाए तो यह हलाकत व बरबादि लाति है जैसा कि अल्लाह तआला ने कुरआन मजीद मे फरमायाः

وَمَن يُوَلِّهِمْ يَوْمَئِذٍ دُبُرَهُ إِلاَّ مُتَحَرِّفًا لِّقِتَالٍ أَوْ مُتَحَيِّزًا إِلَى فِئَةٍ فَقَدْ بَاء بِغَضَبٍ مِّنَ اللّهِ وَمَأْوَاهُ جَهَنَّمُ وَبِئْسَ الْمَصِيرُ
अनुवादः जिस किसी ने भी उस दिन उनसे अपनी पीठ फेरी - यह और बात है कि युद्ध-चाल के रूप में या दूसरी टुकड़ी से मिलने के लिए ऐसा करे - तो वह अल्लाह के प्रकोप का भागी हुआ और उसका ठिकाना जहन्नम है, और क्या ही बुरी जगह है वह पहुँचने की (कुरआन सुरह अन्फाल आयतः16)

प्रश्नः بالمحصنات الغافلات المؤمنات इसका क्या माना है ? और قذفهن इसका क्या मतलब ?
उत्तरः इसका माना यह है कि आस्थावान पाकबाज महिलाओँ पर व्यभिचार और फहाशत का आरोप लगाना जो कि इस तरह के काम से कोसोँ दूर और आरोप से अनभिज्ञ होँ।

प्रश्नः इस विषय से क्या क्या बातेँ समझ आइ है ?
पहलाः जादु करना कुफ्र है इसपर सख्त सजा निर्धारित है।

दुसराः जादुगरि का काम करना कुफ्र है जिसकि सजा कत्ल है।

तीसराः शिर्क से बहोत ज्यादा सावधान रहने और उस से बचने को कहा गया है।

चौथाः मासूम शख्स को कत्ल करना हराम करार दिया गया है एसे मे केसास लिया जाएगा।

पाँचवाः सूद (व्याज) खाना हराम है इसि तरह से यतीम अर्थात अनाथ का माल भि गलत तरीके से खाने से मना किया गया है।

छठाः जंग के मैदान जस कुफ्फार से लडाइ हो तब वहाँ से भागना हराम है।

सातवाँ पाकबाज महिलाओँ पर व्यभिचार का आरोप लगाना हराम है।

विषयः परिन्दोँ को उडा कर फाल (नहुसत) निकालना

प्रश्नः इस विषयका केताब के क्या सम्बन्ध है बताएँ ?
उत्तरः परिन्दोँ उडाकर उस से फाल लेना शिर्क है क्यो कि इस मे अल्लाह के सिवा किसि और चीज पर भरोसा होता है।

प्रश्नः परिन्दोँ से फाल लेने का क्या मतलब ? और यह भि बताएँ कि एसा करना कैसा है ?
उत्तरः परिन्दोँ से फाल लेने का मतलब यह कि परिन्दे को उडाकर किसि काम के लिए यह जाँचना कि यह काम या यह समय मेरे लिए उचित और शुभ है कि नहि (जैसे यह कहना कि परिन्दा दाएँ तरफ गया तो शुभ नहि तो अशुभ आदि) या फिर लाटरी वगैरह निकालना कि शुभ निकलेगा तो काम, यात्रा या कोई भि कार्य करूँगा और अगर अशुभ निकला तो नहि करूँगा।
एसा करना शिर्क है क्योँ कि इसमे दिल का भरोसा अल्लाह के सिवा दुसरि चीजपर होता है।

कुरआन मे अल्लाह तआला ने फरमाययाः

ألَا إِنَّمَا طَائِرُهُمْ عِنْدَ اللَّهِ وَلَكِنَّ أَكْثَرَهُمْ لَا يَعْلَمُونَ

अनुवादः सुन लो, उनकी नहूसत तो अल्लाह ही के पास है, परन्तु उनमें से अधिकतर लोग जानते नहीं। (सुरह आराफ आयतः131)

दुसरी जगह अल्लाह तआला ने कुरआन मे फरमायाः

قَالُوا طَائِرُكُمْ مَعَكُمْ

अनुवादः उन्होंने कहा, "तुम्हारा अपशकुन तो तुम्हारे अपने ही साथ है। (कुरआन सुरह यासीन आयतः19)

प्रश्नः दोनोँ आयतोँ कि व्याख्या करेँ ?
उत्तरः पहलि आयत मे अल्लाह तअला ने बताया कि जब आले फिरऔनको कोई अच्छि बात पहोँचति तो वह कहते कि यह हमारे लिए है क्योँ कि हम इसके हकदार हैँ। और जब उनको कोई मुसिबत पहोँचता तो कहते कि यह मूसा और उसके साथियोँ कि वजह से है। इस पर अल्लाह तआला ने बताया कि बेशक जो कुछ है वह सब तुम्हारे साथ लगा हुवा है तुम्हारे लिए लिखा जा चुका है तुम्हारे आमाल कि वजह से।
यह जो कुछ तुमको पहोँचता है वह सब तुम्हारे अपने करतूत के सबब होता है दुसरेका इस मे कोई अमल दखल नहि होता है।

नबि स. ने फरमायाः

عن أبي هريرة رضي الله عنه أن رسول الله ﷺ قال: «لا عدوى ولا طيرة ولا هامة ولا صفر» أخرجاه زاد مسلم «ولا نوء ولا غول».

अनुवनदः अबु हौरैरा रजियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि नबि स. ने फरमायाः किसि से कोई बिमारी खुद ब खुद नहि चिमटता, ना हि बद फालि कि कोई हकीकत है, न सफर कि कोई नहुसत है और ना हि उल्लु को खोपडि से निकालने मे कोई खराबि है।

प्रश्नः हदीस मे जो शब्द इस्तेमाल हुवे हैँ उनके अर्थ बताइये ? इस से क्या बात साबित होति है ?
उत्तरः जमाने जाहिलियत मे लोगोँ मे बहोत सारा गलत अकीदा भरा हुवा था जिस मे से निम्न बातेँ हैः

العدوى एक बिमार व्यक्ति मे से दुसरे स्वस्थ व्यक्ति मे रोग का अपनेआप स्थान्त्रण हो जाना। जमाने जाहिलियत मे अरब के लोग समझते थे कि बिमारी अपने आप बिना किसि सबब के दुसरे स्वस्थ व्यक्ति को लग जाता है जब कि यह बात गलत है। बिमारी के सरने कि कुछ वजूहात होति हैँ।

الطيرة इसका विवरण उपर गुजर चुका।

الهامة उल्लु जो कि सिर्फ रात मे देख पाता है। अगर किसि के घर मे आ जाए तो कहते थे कि अब किस कि मौत हो जाएगि क्यो कि मनहूस परिन्दा उल्लु किसि कि मौतका परवाना लाया है।

النوء सितारोँ के टुटकर गिरने कि जगह के बारे मे यह कहते थे कि अब इस जगह बारिश होगि।

الغول एसा शैतान जो मोसाफिरोँ के रास्ते मे बैठता है जिस कि वजह से लोग रास्ता भटक कर हलाक हो जाते हैँ। नबि स. ने फरमाया कि यह सब गलत अकिदा है इस मे कोई सच्चाई नहि है।

عن أنس بن مالك رضي الله عنه قال: قال رسول الله ﷺ «لا عدوى ولا طيرة ويعجبني الفأل. قالوا وما الفأل؟ قال الكلمة الطيبة» متفق عليه.

अनुवादः अनस रजियल्लाहु अन्हु ने कहा कि नबि स. ने फरमायाः छूत लगना कोई चीज नहि, और बद शगूनि कि कोई हकिकत नहि अल्बत्ता नेक फाल मुझे पसन्द है। लोगोँ ने पूछा नेक फाल का क्या मतलब या रसूलुल्लाह ? तो आपने कहा अच्छि बात मुह से निकालना।(बोखारी व मुस्लिम)

عقبة بن عامر قال ذكرت الطيرة عند رسول الله ﷺ فقال أحسنها الفأل ولا ترد مسلمًا فإذا رأى أحدكم ما يكره فليقل اللهم لا يأتي بالحسنات إلا أنت ولا يدفع السيئات إلا أنت ولا حول ولا قوة إلا بك.

अनुवादः नबि स. के पास बद शगूनि का जिक्र किया गया तो नबि स. ने फरमायाः उसकि सब से अच्छि किस्म नेक फाल और अच्छा शगून है। और खबरदार शगून किसि मुसलमान को उसके एरादे से पिछे ना हटाए बल्कि जब तुम मे से कोई शख्स कोई एसि चीज देखे जो उसको ना गवार गुजरे तो यह दुवा पढेः

اللهم لا يأتي بالحسنات إلا أنت ولا يدفع السيئات إلا أنت ولا حول ولا قوة إلا بك

प्रश्नः इस दुवा का क्या मतलब है ? और बुराई व भलाई से क्या मूराद है ? यस दुवा से क्या साबित होता है ?
उत्तरः इस दुवा का मतलब हैः ए अल्लाह तेरे सिवा कोइ भलाई नहि पहोँचा सकता और तेरे सिवा कोई बुराईको रोक भि नहि सकता। बुराई से बाज रहने और भलाई का काम करने कि तौफीक सिरर्फ तुझ से हि मिलति है। (अबुदाऊद)

भलाई से मूराद नेअमतेँ हैँ और बुराई से मूराद मुसिबत है।
इस दुवा से यह बात समझ आति है किः हर चीज अल्लाह के हाथ मे है चाहे वह नेक फाल हो या बद शगुन
दुसराः अल्लाह के सिवा किसि दुसरे के उपर किसि भि मामले मे उम्मीद नहि लगानि चाहिए।

عن ابن مسعود رضي الله عنه مرفوعًا «الطيرة شرك، الطيرة شرك، وما منا إلا ولكن الله يذهبه بالتوكل» رواه أبو داود والترمذي

अनुवादः रसूलुल्लाह स. ने फरमायाः बद शगूनी शिर्क है और हम मे से हर एक को वहम होता है लेकि अल्लाह अपने तवक्कुल करने वाले बन्दोँ से वह वहेम दूर कर देता है। (अबु दाऊद व तिर्मिजी)

प्रश्नः इस हदीस से क्या बात साबित होता है ? और बद शगूनि को शिर्क क्योँ कहा गया है ?
उत्तरः इस हदीस से यह साबित होता है कि बद शगूनि लेना शिर्क है जब अल्लाह के सिवा किसि और पर दिल का सहारा हो जाए।
जब हमार भरोसा अल्लाह पर होता है तब अल्लाह तआला उस वहेम को दूर कर देता है।

حديث ابن عمر «من ردته الطيرة عن حاجته فقد أشرك قالوا فما كفارة ذلك قال أن تقول اللهم لا خير إلا خيرك ولا طير إلا طيرك ولا

إله غيرك» وله من حديث الفضل بن عباس رضي الله عنه إنما الطيرة ما أمضاك أوردك

अनुवादः इब्ने उमर से रिवायत है कि जिस शख्स ने बद शगून लिया उस ने शिर्क किया। लोगोँ ने पूछा कि उसका कफ्फारा क्या है ?

तो फरमाया यह दुवाः اللهم لا خير إلا خيرك ولا طير إلا طيرك ولا إله غيرك

अनुवादः ए अल्लाह हर तरह कि भलाई सिर्फ तेरे हि कब्जे कुदरत मे है और हर शगून तेरी तरफ से है और तेरे सिवा कोई भि इबातद के लाएक नहि। (मुस्नद अहमद)

प्रश्नः इस हदीस का क्या माना है ?

उत्तरः इसका माना यह है कि अल्लाह के सिवा कोई भि भलाई पहोँचाने वाला नहि है और अल्लाह के सिवा कोई भि बुराई को दूर करने वाला नहि है। अल्लाह के सिवा कोई भि इबादत के लाएक नहि इसि लिए दिल का लगाव भि अल्लाह हि से होनि चाहिए।

विषयः सितारोँ का असर और उसके इल्म के बारेमे

प्रश्नः इस विषयका केताब के साथ क्या सम्बन्ध है ?
उत्तरः सितारोँ से सम्बन्धित कुछ बाते शिर्क हैँ जो तौहिद के विपरित है।

प्रश्नः सितारोँ के इल्म के बारे मे बताइए ? इस कि कितनि किस्म है ? हर एक कि परिभाषा बताइए ?
उत्तरः इस कि दो किस्म हैः

पहलाः इल्मे तासीर, इस मे खगोल (फलकियात) से असर होने का दावा किया जाता है और यह हराम है क्योँ कि यह शिर्क है जो कि तौहीद के मनाफि है क्यो कि यह अदृश्य का दावा करना है जिसका ज्ञान अल्लाह के सिवा किसि को भि नहि है।

दुसराः इल्मे तैसीर, इसमे सुरज, चाँद और सितारोँ के सिम्त मे तब्दीलि से इस्तदलाल करना यह जाएज है।

प्रश्नः सितारोँ कि सृष्टि मे क्या हिक्मत है प्रमाण सहित बताएँ ? और सितारे जिस काम के लिए नहि बनाया गया है उसके बारे मे गुमान करना कैसा है ?
उत्तरः सितारोँ को तीन फाएदे के लिए बनाया गया हैः

पहलाः आसमान कि जीनत के लिए जैसा कि कुरआन मे अल्लाह तआला ने फरमायाः

وَلَقَدْ زَيَّنَّا السَّمَاءَ الدُّنْيَا بِمَصَابِيحَ

अनुवादः हमने निकटवर्ती आकाश को दीपों से सजाया और उन्हें शैतानों के मार भगाने का साधन बनाया और उनके लिए हमने भड़कती आग की यातना तैयार कर रखी है। (कुरआन सुरह मुल्क आयतः 5)

दुसराः शैतानोँ को मारने के लिए अल्लाह तआला ने कहाः

وَجَعَلْنَاهَا رُجُومًا لِلشَّيَاطِينِ

अनुवादः उन्हें शैतानों के मार भगाने का साधन बनायया। (सुरह मुल्क आयतः 5)

तीसराः निशानी के लिए जिस के जरिये से दिशा मालूम किया जए। अल्लाह तआला ने फरमायाः

وَعَلَامَاتٍ وَبِالنَّجْمِ هُمْ يَهْتَدُونَ

अनुवादः और मार्ग चिन्ह भी बनाए और तारों के द्वारा भी लोग मार्ग पा लेते हैं।(करआन सुरह नहल आयत 16)

وعن أبي موسى رضي الله عنه قال: قال رسول الله ﷺ: «ثلاثة لا يدخلون الجنة مدمن خمر ومصدق بالسحر وقاطع رحم» رواه أحمد وابن حبان في صحيحه.

अनुवादः अबु मूसा अश्अरी रजियल्लाहु अन्हु कहते हैँ कि नबि स. ने फरमायाः तीन किसम के लोग जन्नत मे नहि जा सकेँगे। शराब का आदी, जादू कि तस्दीक करने वाला और नाता तोडने वाला। (मुस्नद अहमद)

प्रश्नः इस हदीस कि व्याख्या करेँ ?
उत्तरः इस मे तीन लोगोँ को वईद सुनाया गया है जिस के बारेमे विद्धवान कहते हैँ कि यह अल्लाह तआफा कि मशिअत के उपर है वह चाहे तो इनको क्षमा कर दे या चाहे तो इनको आजाब दे।
पहलाः शराब पीने का आदि शख्स यहाँ तक कि उस कि मौत हो जाए और वह तौबा ना करे।

दुसराः नाता तोडने वाला आदमी जो अपने रिश्तेदारोँ से कोई तआल्लुक नहि रखता या उनको गालि बकता है बुरा भला कहता है।

तीसराः जादु कि तस्दीक करने वाला कि जादू अपने आप असर करती है इस मे अल्लाह तआला से कुछ लेना देना नहि है। नबि स. ने फरमायाः

अनुवादः जिस ने सितारोँ का इल्म सीखा उसने जादू सीखा यह अबु दाऊद कि रिवायत है।

विषय: अल्लाह तआला का फरमान

(وَمِنَ النَّاسِ مَنْ يَتَّخِذُ مِنْ دُونِ اللَّهِ أَنْدَادًا يُحِبُّونَهُمْ كَحُبِّ اللَّهِ)

अनुवादः कुछ लोग ऐसे भी हैं जो अल्लाह से हटकर दूसरों को उसके समकक्ष ठहराते हैं, उनसे ऐसा प्रेम करते हैं जैसा अल्लाह से प्रेम करना चाहिए। (कुरआन सुरह 2 आयत 165)

प्रश्नः इस आयत कि व्याख्या करेँ और किताब से इसका सम्बन्ध बताएँ ?
उत्तरः इस आयत मे अल्लाह तआला ने यह बताया कि जिस ने भि अल्लाह के सिवा किसि और से उस तरह मोहब्बत किया जैसा कि अल्लाह से करना चाहिए तो गोया कि उसने अल्लाह के जैसा किसि और को माना उस के मिस्ल किसिको बनाया मोहब्बत और ताजीम मे।

किताब के साथ इस का सम्बन्ध यह है किः जिस किसि ने अल्लाह के सिवा किसि और से उस तरह मोहब्बत किया जैसा अल्लाह से करना चाहिए तो उसने शिर्क किया जो कि तौहीद के विपरित है।

अल्लाह तआला ने कुरआन मे फरमायाः
قُلْ إِن كَانَ آبَاؤُكُمْ وَأَبْنَآؤُكُمْ وَإِخْوَانُكُمْ وَأَزْوَاجُكُمْ وَعَشِيرَتُكُمْ وَأَمْوَالٌ اقْتَرَفْتُمُوهَا وَتِجَارَةٌ تَخْشَوْنَ كَسَادَهَا وَمَسَاكِنُ تَرْضَوْنَهَا أَحَبَّ إِلَيْكُم مِّنَ اللّهِ وَرَسُولِهِ وَجِهَادٍ فِي سَبِيلِهِ فَتَرَبَّصُواْ حَتَّى يَأْتِيَ اللّهُ بِأَمْرِهِ

अनुवादः कह दो, यदि तुम्हारे बाप, तुम्हारे बेटे, तुम्हारे भाई, तुम्हारी पत्नियों और तुम्हारे रिश्ते-नातेवाले और माल, जो तुमने कमाए हैं और कारोबार जिसके मन्दा पड़ जाने का तुम्हें भय है और घर जिन्हें तुम पसन्द करते हो, तुम्हे अल्लाह और उसके रसूल और उसके मार्ग में जिहाद करने से अधिक प्रिय हैं तो प्रतीक्षा करो, यहाँ तक कि अल्लाह अपना फ़ैसला ले आए।

प्रश्नः शब्दोँ के अर्थ बताइयेः
عَشِيرَتُكُمْ रिश्तेदार, اقْتَرَفْتُمُوهَا जो तुमने कमाया, وَتِجَارَةٌ व्यापार, وَمَسَاكِنُ تَرْضَوْنَهَا वह जगह जो तुम्हे पसन्द है, فَتَرَبَّصُواْ حَتَّى يَأْتِيَ اللّهُ بِأَمْرِهِ इन्तेजार करो जिस आजाब के तुम हकदार हो।

यह आयत अल्लाह और उसके रसूल से मोहब्बत कि सब से बडि दलील है और यह भि ध्यान रहे कि सब से ज्यादा मोहब्बत दुनियाँ और उसकि सारी चीजोँ ज्यादा मोहब्बद अल्लाह से होनि चाहिए उस के बाद कि किसि से मोहब्बत का दर्जा है। (तफ्सीर साअदी)

عن أنس أن رسول الله ﷺ قال: «لا يؤمن أحدكم حتى أكون أحب إليه من ولده ووالده والناس أجمعين» البخاري ومسلم
अनुवादः अनस रजियल्लाहु अन्हु कहते हैँ कि नबि स. ने फरमायाः तुम मे से कोई भि शख्स उस वक्त तक इमान वाला नहि हो सकता जब तक कि मै उसके नजदीक उसके माँ बाप और बाल बच्चे सब से ज्यादा प्यारा ना हो जाउँ। (बोखारी व मुस्लिम)

प्रश्नः इस हदीस कि व्याख्या किजिएः
उत्तरः इस हदीस मे नबि स. ने बताया है कि कोई भि आदमी उस वक्त तक सच्चा ईमान वाला नहि हो सकता जब तक कि वह नबि स. को अपने खुद से और तमाम रिश्तेदारोँ से महबूब ना बना ले।
عن أنس رضي الله عنه قال: قال رسول الله ﷺ «ثلاث من كن فيه وجد بهن حلاوة الإيمان أن يكون الله ورسوله أحب إليه مما سواهما وأن

يحب المرء لا يحبه إلا لله، وأن يكره أن يعود في الكفر بعد أن أنقذه الله منه كما يكره أن يقذف في النار» متفق عليه.

अनुवादः नबि स. ने फरमाया कि तीन खसलतेँ एसि हैँ कि जिस के अन्दर यह पैदा हो गया तो उसने ईमान का मीठास पा लिया। पहला वह शख्स जिसके नजदीक अल्लाह और उसके रसूल सब से ज्यादा महबूब बन जाएँ दूसरा वह जो किसि इन्सान से सिर्फ अल्लाह कि खुशनूदी के लिए मोहब्बत करे, तीसरा वह जो कुफ्र मे लौटने को एसा बूरा जाने जैसा आग मे डाले जाने को बुरा मानता है। (बोखारी 16)

प्रश्नः शब्दोँ के अर्थ बताइये ? अल्लाह तआला से मोहब्बत का तकाजा क्या है ?

उत्तरः

ثلاث तीन किस्म के लोग, كن فيه जिस के अन्दर यह खूबी हो, حلاوة الإيمان ईमान कि मिठास।

अल्लाह तआला से मोहब्बत का तकाजा यह है कि उसके आदेश को माने गुनाहोँ को छोड दे और नबि स. का अनुशरण करे।

عن ابن عباس رضي الله عنهما قال: «من أحب في الله وأبغض في الله ووالى في الله وعادى في الله فإنما تنال ولاية الله بذلك ولن يجد عبد طعم الإيمان وإن كثرت صلاته وصومه حتى يكون كذلك. وقد صارت عامة مؤاخاة الناس على أمر الدنيا وذلك لا يجدي على أهله شيئًا» رواه ابن جرير.

अनुवादः अब्दुल्लाह बिन अब्बास कहते हैँ कि जो अल्लाह के लिए मोहब्बत या नफरत करता है और अल्लाह हि के लिए दोस्ति और दुश्मनी करता है तो वह इसके जरिए अल्लाह तआला कि वेलायत (मदद) पा लेगा, लेकिन इस के सिवाए वह इमान कि हलावत हर गिज नहि पा सकता अगर चे वह कितना भि रोजा रख ले या नमाज पढ ले यहाँ तक कि वह उसि तरह हो जाए। भाई चारा आम तौर से दुनिया के लिए हि करते हैँ तो इस तरह कि भाई चारगि उनको कोई फाइदा नहि देगि।

प्रश्नः शब्दोँ के उत्तर बताइये ?

उत्तरः

أحب في الله अल्लाह के लिए मोहब्बत या नफरत।

وأبغض في الله अल्लाह के लिए मोहब्बत या नफरत।

تنال ولاية الله अल्लाह तआला कि वेलायत (मदद) पा लेगा।

ووالى في الله अल्लाह हि के लिए दोस्ति करता है।

وعادى في الله अल्लाह हि के लिए दुश्मनी करता है .

ولن يجد عبد طعم الإيمان इमान कि हलावत हर गिज नहि पा सकता।

حتى يكون كذلك यहाँ तक कि वह उसि तरह हो जाए।

مؤاخاة الناس على أمر الدنيا भाई चारा आम तौर से दुनिया के लिए हि करते हैँ।

لا يجدي على أهله شيئًا इस तरह कि भाई चारगि उनको कोई फाइदा नहि देगि।

प्रश्नः وَتَقَطَّعَتْ بِهِمُ الأَسْبَابُ इसका क्या अर्थ है ?

उत्तरः मुश्रिकीन कि मोहब्बत आखिरत मे खत्म हो जाएगि क्योँ कि उनकि मोहब्बत दुनियाँ के लिए थि और आखेरत मे वह एक दुसरे से बराअत का इज्हार करेँगे क्योँ कि उनकि वह मोहब्बत अल्लाह के सिवा दुसरे के लिए है।

प्रश्नः मोहब्बत के तमाम परिकार उसके परिभाषा सहित बताएँ ?
उत्तरः पहला अल्लाह कि मोहब्बत और यह असल ईमान है।

दुसराः अल्लाह के लिए मोहब्बत वह यह है कि जो काम जो चीज अल्लाह तआला पसन्द करता है उसको पसन्द करने वाले से मोहब्बत करना।

तीसराः अल्लाह के साथ किसि और से मोहब्बत करना और उसके जैसा किसि और को बना लेना यह शिर्क है।
प्राकृतिक मोहब्बतः जैसे कि माता पिता से होता है।

प्रश्नः मोहब्बत के वह कौन कौन से असबाब हैँ जिन कि वजह से बन्दे अपने रब से मोहब्बत करते हैँ और रब अपने बन्दोँ से मोहब्बत करता है ?
उत्तरः

1. अल्लाह को एक मानना।
2. दुसराः फर्ज नमाजोँ के बाद नवाफिल के जरिए अल्लाह से कुरबत बढाना।
3. तिसराः हर हाल मे दिल जबान और अमल से अल्लाह का जिक्र करते रहना।
4. चौथः आजजी व इन्केसारी
5. पाँचवाः रात के आखरी परेर मे ज्यादा से ज्यादा अपने गुनाहोँ कि बख्शिस कि दुवा माँगना।
6. छठाः अच्छे लोगोँ से दोस्ति और उनकि मजलिसोँ मे बैठना।

विषयः अल्लाह तआला का फरमान
(وَعَلَى اللَّهِ فَتَوَكَّلُوا إِنْ كُنْتُمْ مُؤْمِنِينَ)

अनुवादः अल्लाह पर भरोसा रखो, यदि तुम ईमानवाले हो।" (सुरह माइदा 23)

प्रश्नः इस आयत का माना क्या है ?
उत्तरः अल्लाह तआला ने फरमाया कि अगर तुम अल्लाह पर ईमान रखते हो उसके कुदरत कि तस्दीक करते हो तो उसि एक अकेला रब पर तवक्कुल यानि भरोसा करो।

प्रश्नः तवक्कुल कि परिभाषा बताइये ? साथ साथ यह भि बताएँ कि उसके कितने प्रकार हैँ और तवक्कुल का ईमान के साथ क्या सम्बन्ध है ?
उत्तरः तवक्कुल कहते हैँ भरोसा और एतमाद को। इसकि चार किस्में हैँ।

पहलाः तवक्कुल अलल्लाहः यानि हर चीज मे अल्लाह पर भरोसा करना चाहे वह नफा पहोँचाने का मामला हो या घाटा से बचाने का मामला। यह वाजिब है हर मुसलमान पर क्योँ कि यह ईमान का हिस्सा है।

दुसराः तवक्कुल अलल्मख्लूक अर्थात मखलूकात पर भरोसा करना एसे कामोँ मे जो अल्लाह के सिवा कोई पूरा नहि कर सकता। जैसे कि शेफायाबि, रिज्क, या फिर जन्नत माँगना या फिर मुर्दोँ से मदद तलब करना वगैरह यह शिर्क है जो कि तौहिद के विपरित है।

तीसराः मनुष्य पर एसे कामोँ मे भरोसा करना जो वह कर सकता है जैसे खरीदो फरोख्त मे भरोसा करना। यह जाएज है लेकिन यह ना कहो कि मैने उस पर भरोसा किया बल्कि यह कहो कि मैने उसके हवाले किया क्योँ कि कामिल भरोसा के लाएक तो सिर्फ अल्लाह है।

अल्लाह तआला ने कुरआन मजीद मे कहाः

إِنَّمَا الْمُؤْمِنُونَ الَّذِينَ إِذَا ذُكِرَ اللَّهُ وَجِلَتْ قُلُوبُهُمْ وَإِذَا تُلِيَتْ عَلَيْهِمْ آيَاتُهُ زَادَتْهُمْ إِيمَانًا وَعَلَى رَبِّهِمْ يَتَوَكَّلُونَ

अनुवादः ईमानवाले तो वही लोग हैं जिनके दिल उस समय काँप उठें जबकि अल्लाह को याद किया जाए। और जब उनके सामने उसकी आयतें पढ़ी जाएँ तो वे उनके ईमान को और अधिक बढ़ा दें और वे अपने रब पर भरोसा रखते हों। (सुरह अन्फाल आयत नः 2)

प्रश्नः इस आयत कि व्याख्या किजिए और इस से क्या इस्तदलाल है वह बताइये तथा यह भि बताइये कि इस से क्या क्या फाईदा हासिल हुवा ?
उत्तरः अल्लाह तआला ने इस आयत मे मोमिनोँ को एक बहोत हि बेहतरीन सिफत से मुत्तसिफ किया है जो कि इमान कि हकीकत को समझने के लिए काफि है।

1. जब उनके पास अल्लाह का जिक्र होता है तो उनका दिल काँप उठता है जिस कि वजह से वह फराएज अदा करते हैँ और जिस से रोक दिया गया है उस काम से रुक जाते हैँ।

2. वह लोग अल्लाह हि पर भरोसा करते हैँ उसि के हवाले अपने तमाम मआमलात रखते हैँ। (आयत से यहि बात बताने कि कोशिस कि गई है)

3. जब उनके पास अल्लाह तआला कि आयतेँ तेलावत कि जाति हैँ तो उनका ईमान बढ जाता है।

4. वह लोग नमाज काएम करते हैँ उसके निर्धारित समय पर जमात के साथ उसके तमाम आदेशों कि पालना करते हुवे।

5. वह अल्लाह तआला के दिए हुवे अपने माल मे से गरीबौँ मिस्कीनौँ जरूरतमन्दौँ पर खर्च करते हैँ।

इन पाँचा गुणो कि वजह से वह अल्लाह तआला के वादे को पाएँगे जिसमे जन्नत कि नेमतौँ का जिक्र है।
आयत से यह फाईदा हासिल होता है किः ईमान अल्लाह तआला कि आज्ञाकारिता से बढता है और उसके अवज्ञा से घटता है।

प्रश्नः इन पाँच कामौँ के जरिए कैसे अल्लाह तआला के वादे को पाया जा सकता हैँ ?
उत्तरः इन पाँचो कामौँ के साथ साथ हराम (अवैध) कर्दा कामौँ से बचने पर अल्लाह तआला के वादे को पाया जा सकता है

अल्लाह तआला ने कुरआन मे फरमायाः

يَا أَيُّهَا النَّبِيُّ حَسْبُكَ اللَّهُ وَمَنِ اتَّبَعَكَ مِنَ الْمُؤْمِنِينَ

अनुवादः ऐ नबी! तुम्हारे और तुम्हारे ईमानवाले अनुयायी के लिए अल्लाह ही काफ़ी हैं। (सुरह अन्फाल 64)

प्रश्नः इस आयत कि व्याख्या करेँ और विषय के साथ इसका सम्बन्ध बताएँ ?
उत्तरः अल्लाह तआला ने इस मे फरमाया कि ए नबि मोहम्मद स. आप और के मोमिन साथियौँ के लिए अल्लाह हि काफि है उस से सिवा दुसरे किसि कि जरूरत नहि है।
विषय से इसका सम्बन्ध यह है कि जब अल्लाह तआला हि काफि है तो उसि पर भरोसा होना चाहिए।

अल्लाह तआला ने कुरआन मजीद मे फरमायाः

وَمَنْ يَتَوَكَّلْ عَلَى اللَّهِ فَهُوَ

अनुवादः जो अल्लाह पर भरोसा करे तो वह उसके लिए काफ़ी है। (सुरह तलाक आयत 3)

प्रश्नः इस आयत का क्या मतलब है ? इससे क्या बात साबित होति है ? क्या तवक्कुल और भरोसा अस्बाब अख्तियार करने के विपरित है ? अपना जवाब स्पष्ट बताएँ।
उत्तरः इसका मलतब यह है कि जो भि अल्लाह पर भरोसा करता है तो अल्लाह तआला उसके लिए काफि है। इस से तवक्कुल कि फजीलत जाहिर होता है। और तवक्कुल अस्बाब अपनाने से नहि रोकता है क्योँ कि तवक्कुल मे अस्बाब अख्तियार करना भि शामिल है और यह शरियतन जाएज है।

عن ابن عباس رضي الله عنهما قال: «﴿حَسْبُنَا اللَّهُ وَنِعْمَ الْوَكِيلُ﴾ قالها إبراهيم ﷺ حين ألقي في النار وقالها محمد ﷺ حين قالوا له ﴿إِنَّ النَّاسَ قَدْ جَمَعُوا لَكُمْ فَاخْشَوْهُمْ فَزَادَهُمْ إِيمَانًا وَقَالُوا حَسْبُنَا اللَّهُ وَنِعْمَ الْوَكِيلُ﴾» رواه البخاري والنسائي.
अनुवादः इब्ने अब्बास रजियल्लाहु अन्हु कहते हैँ कि (अल्लाह काफ़ी है और वही सबसे अच्छा कार्य-साधक है।) यह बाता इब्राहीम अलैहिस्सलाम ने उस समय कहा जब उनको आग मे डाला गया।
और मोहम्मद स. ने उस समय कहा जब उनसे लोगौँ ने कहा "तुम्हारे विरुद्ध लोग इकट्ठा हो गए हैं, अतः उनसे डरो।" तो इस चीज़ ने उनके ईमान को और बढ़ा दिया। और उन्होंने कहा, "हमारे लिए तो बस अल्लाह काफ़ी है और वही सबसे अच्छा कार्य-साधक है।" (सुरह आले इम्रान 173) (बोखारी व नसई)

प्रश्नः حَسْبُنَا اللَّهُ وَنِعْمَ الْوَكِيلُ इसका क्या मतलब है ? इस वाक्य कि विशेषता बताएँ ?
उत्तरः इसका अर्थ यह है कि हमारे लिए हर मामले मे अल्लाह हि काफि है उसि पर पूरा भरोसा करना चाहिये।

इस वाक्य कि विशेषता यह है कि दो बडे नबि (हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलम और हजरत मोहम्मद स.) ने मुश्किल समय मे इस वाक्यको कहा।

विषयः अच्छे बुरे तक्दीर पर सब्र करना अल्लाह पर ईमान का हिस्सा है

प्रश्नः इस विषय का केताबुत्तौहीद से क्या सम्बन्ध है ?
उत्तरः अल्लाह तआला के तरफ से लिखि गई तक्दीर पर सब्र ना करना ईमान और तौहीद के विपरित है ।

प्रश्नः शरियत मे सब्र कि क्या परिभाषा है ? उसके कितने प्रकार है बताएँ ?
उत्तरः शिरियत मे सब्र कहते हैः मुसीबत के समय अपने आपपर नियन्त्रण, जुबानको शिकायत करने से रोकना और संयमता अपनाना, और अपने शारीरिक अंग को गाल पीटने या कपडे फाडने से रुकना । सब्र ईमान का हिस्सा है ।

सब्र कि तीन किस्म है ।

1. अल्लाह तआला के आदेशौँ कि पालना करने मे सब्र ।

2. जिस काम से अल्लाह ने रोक दिया है उस से रुकने मे सब्र ।

3. किस्मत मे जो मुसीबतेँ हैँ उन मुसिबतोँ के आने पर सब्र ।

प्रश्नः अल्लाह तआला ने कुरआन मजीद मे फरमायाः وَمَنْ يُؤْمِنْ بِاللَّهِ يَهْدِ قَلْبَهُ इस आयत कि व्याख्या किजिये और यह बताईये कि इस से क्या सबक मिलता है ?
उत्तरः अनुवादः जो अल्लाह पर ईमान ले आए अल्लाह उसके दिल को मार्ग दिखाता है (सुरह तगाबुन 11)
अर्थात जिस किसि के उपर कोई मुसिबत आई तो उसने अल्लाह कि तरफ से लिखा हुवा तक्दीर मानकर उस मुसिबतपर सब्र किया और अल्लाह के फैसले को दिल से स्विकार किया तो अल्लाह तआला उसके दिलको मुक्तिका मार्ग दिखाते हैँ यानि कि मुसिबत से छुटकारा का रास्ता दिखाते हैँ। यह कभि तो दुनिया हि मे उस मुसिबत पर सब्रका बदला पा जाता है कभि आखेरत के लिए उसको अल्लाह तआला महफूज रखता है ।

इस आयत से यह बात समझ आति है कि मुसिबत के समय सब्र दिल कि रहनुमाई का सबब बतना है और सब्र से दिलको इत्मिनान व सुकून मिलता है साथ साथ सब्र करने पर सवाब भि मिलता है ।

عن أبي هريرة رضي الله عنه أن رسول الله ﷺ قال: «اثنتان في الناس هما بهم كفر الطعن في النسب والنياحة على الميت».
अनुवादः हजरत अबु होरैरा रजियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि लोगोँ मे दो आदतेँ एसि हैँ कि उसमे कुफ बाकि हैः किसि के नसब पर ताना कसना और मैय्यत पर नौहा करना ।(सहीह मुस्लिम)

प्रश्नः नसब पर ताना कसने का क्या मतलब ? और नौहा किसे कहते हैँ ?
उत्तरः नसब मे ताना कसने का मतलब यह है कि किसि के बारे कहा जाए कि यह फलाना का बेटा नहि है या इसका जो नसबनामा है वह घटिया है आदि ।

नौहा कहते हैँ किसि के मृत्यु पर जोर जोर से चिल्ला चिल्ला कर रोना और छाति पीटना, गाल पर तमाँचा मारना, कपडे फाडना वगैरह ।
इन्हि दोनो आदतोँ के बारे मे नबि स. ने कहा कि लोगोँ मे दो कुफ्र वालि आदतेँ है क्योँ कि यह काफिरोँ वाला अमल है ।

عن ابن مسعود رضي الله عنه مرفوعًا «ليس منا من ضرب الخدود وشق الجيوب ودعا بدعوى الجاهلية» متفق عليه.

अनुवादः वह शख्स हम मे से नहि जो गाल पर तमाँचा मारकर रोए, कपडे फाडे और जिहिलों जैसे चिल्ला चिल्ला कर रोए। (बोखारी व मुस्लिम)

प्रश्नः इस हदीस कि व्याख्या किजिये और यह बताइये कि जाहिलियत कि तरह रोने का क्या मतलब ?
उत्तरः इस हदीस मे नबि स. ने सख्ति से सावधान किया है कि जो भि व्यक्ति एसा करेगा उस से हमारा कोई नाता नहि है वह हम मे से नहि जो इस तरह करता है। इस से पता चलता है कि मुसिबत के समय एसा करना कबीरा गुनाहों मे से है।

وضرب الخدود का मतलब है कि किसि के मौत पर गाल पर तमाँचा मार मार कर रोए या शरीर पर तमाँचा मार कर रोए और अक्सर देखा जाता है कि लोग एसा करते हैं।
والجيوب मतलब यह है कि सरको कपडे मे घुसेडकर रोना या कपडेको फाडना मैय्यत के गम मे।
ودعوى الجاهلية का मतलब यह है कि मैय्यत का नाम ले ले कर या उसके गुण गिना गिनाकर चिल्ला चिल्लाकर रोना।

عن أنس رضي الله عنه أن رسول الله ﷺ قال: «إذا أراد الله بعبده الخير عجل له العقوبة في الدنيا وإذا أراد بعبده الشر أمسك عنه بذنبه حتى يوافي به يوم القيامة» رواه الترمذي وحسنه والحاكم
अनुवादः अनस रजियल्लाहु कहते हैं कि नबि स. ने फरमायाः जब अल्लाह तआला अपने बन्दे के लिए खैर का इरादा करता है तो दुनियाँ हि में उसके गुनाहों कि सजा दे देता है जब किसि को सख्ति मे डालता है तो उसके गुनाहों का बदला कयामत के दिन के लिए रोक देता है। (तिर्मिजी)

प्रश्नः इस हदिस कि व्याख्या करें और विषय के साथ इसका सम्बन्ध बताएँ ?
उत्तरः नबि स. ने इस हदीस मे बताया कि अल्लाह तआला जब अपने बन्दे के साथ भलाई करना चाहता है तो दुनिया मे कभि खुद उस शख्सको मुसिबतों मे मुब्तला कर देता है या कभि उसके बिवि बच्चे मे से किसि के उपर कोइ मुसिबत तारी कर देता है या कभि उसके माल मे कमि कर देता है जिस कि वजह से वह बन्दा मुसीबत मे मुब्तला रहता है और यह उसके गुनाहों का कफ्फारा बनता है इस तरह से जब वह कयामत के दिन अल्लाह तआला से मिलेगा तो गुनाहों से बरी होगा।
और जब किसि पर सख्ति करना चाहता है तो इस के उलट कर देता है।

विषय से इसका सम्बन्धः यह इस बात पर दलालत करता है कि दुनियाँ मे किसि मुसिबत मे मुबतला होना गुनाहों का कफ्फार बन जाता है यदि बन्दा उस मुसिबत पर सब्र करे।

قال ﷺ: «إن عظم الجزاء منع عظم البلاء وإن الله تعالى إذا أحب قومًا ابتلاهم فمن رضي فله الرضاء ومن سخط فله السخط» حسنه الترمذي.
अनुवादः जब अल्लाह तआला किसि कौम से मोहब्बत करता है तो उसके बडे गुनाह का सब से बडा बदला यह होता है कि उनको किसि बडे मुसिबत मे मुब्तला कर देता है। तो उस मुसिबत मे अल्लाह तआला से राजी रहता अल्लाह तआला उस से राजि हो जाता है और जो अल्लाह तआला से मुह मोडता है तो उसके लिए वहि है जिसका वह भागिदार है। (तिर्मिजी)

प्रश्नः इस हदीस कि व्याख्या करें और विषय के साथ इसका सम्बन्ध बताएँ ?
उत्तरः नबि स. ने बताया कि जो सख्त आजमाईश मे डाला जाता है उसका बदला भि उसको बहोत हि बेहतरीन मिलता है और यह अल्लाह तआला का अपने बन्दे से मोहब्बद कि निशानी भि है कि वह अपने बन्देको मुसिबत मे मुब्तला करता है जो उसके बन्दे के गुनाह के लिए कफ्फारा (गुनाह मिटने का सबब) बन जाता है और कभि उसके नेकि मे बढोतरि का सबब बनता है। तो

जो शख्स इस मे अल्लाह से राजि रहता है तो उसको उसके राजि होने के बराबर बदला मिलता है लेकिन जो शख्स उस मुसिबत मे राजि नहि होता तो उसके लिए वह है जिसका वह भागिदार है।

राजि होना या कराहियत और ना पसन्द करना अल्लाह कि तरफ से है यह दोनों अल्लाह के गुण भि हैं जिस इमान लाना लाजिम है और अल्लाह तआला के लिए इसको उस तरह मानना चाहिये जैसा कि उसके लाएक है।

इन्सान का राजि होना यह है कि वह अल्लाह कि रजा के लिए अल्लाह के फैसलेपर राजि रहता है और उस के बारे मे अच्छा गुमान रखता है और यह समझता है कि उस मे भि उसके लिए कोई भलाई पोशीदा है।

अस्सुख्त कहते हैँ किसि चीज या फैसले पर कराहियत और ना पसन्दीदगि को ।

हदीस का विषय के साथ सम्बन्ध यह है कि जो शख्स अल्लाह तआला के फैसले पर राजी नहि होता उसपर सब्र नहि करता कराहियत महसूस करता है उसके लिए वईद है।

प्रश्नः इस विषय क्या क्या बातेँ मालूम हुइ बताइये ?

1. उत्तरः सब्र करना वाजिब है यह अल्लाह पर इमान का हिस्सा है।
2. सब्र करने वालोँ के लिए बहोत बडा अज्र है।
3. किसि के नसब मे ताना कसना हराम है।
4. मोसिबत के समय गाल पर चाँटा, छाति पीटना या गिरेबान फाडने से सख्ति से मना कया गया है।
5. अल्लाह तआला के फैसले से नाराज होना हराम है मुसिबत मे अल्लाह से राजि रहना उसपर सवाब कि उम्मिद करना चाहिये ।